अनुक्रमांक ....................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2017
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** निम्नलिखित में से चूना पत्थर का रासायनिक सूत्र है- **(1)**

(A) $Na_{2}CO_{3}$ (B) $Ca(OH)_{2}$

(C) CaO (D) $CaCO_{3}$

**2.** सोलर सेल में मुख्य रूप से ऊर्जा का रूपान्तरण होता है- **(1)**

(A) प्रकाश ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में (B) प्रकाश ऊर्जा का रासायनिक ऊर्जा में

(C) रासायनिक ऊर्जा का प्रकाश ऊर्जा में (D) उष्मीय ऊर्जा का प्रकाश ऊर्जा में

**3.** "पेलेग्रा" रोग निम्नलिखित में से किस विटामिन की कमी से होता है? **(1)**

(A) विटामिन A (B) विटामिन B

(C) विटामिन C (D) विटामिन D

**4.** जड़ों द्वारा वर्धी प्रजनन होता है- **(1)**

(A) आलू में (B) शकरकन्द में

(C) अदरक में (D) गन्ना में

**5.** वह उत्तोलक, जिसमें आलम्ब एवं आयास के मध्य भार है- **(1)**

(A) हैण्डपम्प (B) चाकू

(C) ट्रॉली (D) फावड़ा

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** सौरमण्डल में सूर्य के सबसे नजदीक स्थित ग्रह का नाम लिखिए। **(1)**

**7.** मानव की खोपड़ी में उपस्थित हड्डियों की कुल संख्या कितनी है? लिखिए। **(1)**

**8.** कीटों में वर्ज्य पदार्थों का निष्कासन किस उत्सर्जी अंग द्वारा होता है? **(1)**

**9.** किसी एक अम्ल एवं एक क्षार का रासायनिक सूत्र लिखिए। **(1)**

**10.** $Fe_{2}O_{3}$ में लोहे की संयोजकता कितनी है? **(1)**

**11.** ऊष्मा के संचरण की किस विधि द्वारा जल गर्म होता है? लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** धातुएँ, ऑक्सीजन से अभिक्रिया करके क्या बनाती हैं? लिटमस-पत्र द्वारा कैसे पहचानेंगे कि अम्लीय ऑक्साइड है या भास्मिक ऑक्साइड ? (रासायनिक अभिक्रिया लिखें) **(2)**

**13.** कृषि कार्य में प्रयुक्त उपकरण डिबलर एवं कल्टीवेटर की उपयोगिता लिखिए। **(2)**

**14.** परिवेशीय स्वच्छता एवं स्वास्थ्य में क्या सम्बन्ध है? आप परिवेश को स्वच्छ रखने में अपनी भूमिका कैसे निभाएँगे? **(2)**

**15.** मानव के श्वसन-अंग का नामांकित चित्र बनाइए। **(2)**

**16.** हम ऊर्जा का अपव्यय कहाँ-कहाँ करते हैं? ऊर्जा को संरक्षित करने के विभिन्न तरीके लिखिए। **(2)**

**17.** हमारे प्रतिदिन के भोजन में पोषक तत्वों की कमी से होने वाले किसी एक रोग का नाम, लक्षण तथा उससे बचने के उपाय लिखिए। **(2)**

**18.** भूकम्प आने के क्या-क्या कारण हैं? भूकम्प से बचने के उपाय एवं प्रबन्धन के क्या-क्या तरीके अपने स्तर से अपनाएँगे? लिखिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/vigyan/2017

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN